सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 49 | इंदौर, शनिवार 31 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# कंटेनर से 12 करोड़ के मोबाइल चोरी

## जीपीएस के डर से कार्टूनों से मोबाइल निकाले, बॉक्स कंटेनर में ही छोड़ गए, मेवाती गिरोह पर संदेह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर के बांदरी थाना क्षेत्र में लखनादौन-झांसी हाईवे पर कंटेनर से एप्पल कंपनी के 12 करोड़ कीमत के मोबाइल चोरी कर लिए गए। कंटेनर ड्राइवर को बदमाश हाथ-पैर बांधकर छोड़ गए। वारदात 15 अगस्त की है। कंटेनर ड्राइवर वारदात की शिकायत लेकर बांदरी थाने पहुंचा था। लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया और उसे लखनादौन में शिकायत का बोलकर रवाना कर दिया। इसी बीच मामला सागर आईजी प्रमोद वर्मा के संज्ञान में आया। जिसके बाद आईजी वर्मा बांदरी थाने पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी ली। मामले में लापरवाही बरतने पर उन्होंने बांदरी थाना प्रभारी, एएसआई को लाइन अटैच कर दिया। वहीं प्रधान आरक्षक को निलंबित किया है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को 5 पुलिस टीमें गठित की गई हैं। टीमों को अलग-अलग स्थानों पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया है। पुलिस को वारदात में मेवाती गिरोह का हाथ होने का संदेह है।

दरअसल, चेन्नई से एप्पल कंपनी के मोबाइल लेकर कंटेनर क्रमांक यूपी 14 पीटी 0103 दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। कंटेनर में ड्राइवर और एक



सुरक्षा गार्ड सवार थे। दोनों लखनादौन पहुंचे। जहां सुरक्षा गार्ड ने सहयोगी बताकर एक अन्य युवक को गाड़ी की केबिन में बैठा था। जिसके बाद वह नरसिंहपुर के पास पहुंचे। जहां कंटेनर के ड्राइवर को नींद आने लगी। नींद आने पर सुरक्षा गार्ड ने गाड़ी साइड में लगाकर सोने के लिए बोला। ड्राइवर गाड़ी खड़ी करके सो गया। दूसरे दिन आंख खुली तो उसके हाथ-पैर बंधे थे।

ड्राइवर ने जैसे-तैसे रस्सी खोली और गाड़ी से नीचे आया। पीछे आकर देखा तो गाड़ी का गेट खुला था। अंदर खाली कार्टून पड़े थे। उनमें से मोबाइल गायब थे। वारदात सामने आते ही ड्राइवर ने बांदरी थाने पहुंचकर शिकायत की। लेकिन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी और लखनादौन में शिकायत करने का बोलकर रवाना कर दिया। जिसके बाद ड्राइवर शिकायत करने के लिए लखनादौन, नरसिंहपुर, बांदरी के बीच घूमता रहा। इसी बीच आईजी प्रमोद वर्मा को मामले की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही वे गुरुवार की रात बांदरी थाने पहुंचे और जानकारी ली तो वारदात सामने आई। लापरवाही बरतने पर बांदरी थाना प्रभारी भागचंद उईके, एएसआई राजेश पांडेय को लाइन अटैच और प्रधान आरक्षक राजेश पांडे को निलंबित किया गया है।

### 1600 मोबाइल फोन लेकर भागे है बदमाश

वारदात सामने आते ही पुलिस जांच में जुट गई है। शुक्रवार को दिनभर पुलिस टीम वारदात से संबंधित साक्ष्य जुटाती रही। जिसमें सामने आया कि आरोपी कंटेनर में रखे करीब 1600 मोबाइल फोन लेकर भागे है। जिनकी कीमत लगभग 12 करोड़ रुपए है। आरोपियों ने कार्टूनों से मोबाइल फोन निकाले और ले गए। कंटेनर में खाली कार्टून पड़े मिले हैं।

## आज प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

### कल से भीगेगा का पूरा एमपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इससे एक सितंबर से प्रदेश के 35 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं, आज शनिवार को प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी भोपाल में सुबह से धूप-छांव चल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि 1 सितंबर से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा जो लगभग पूरे प्रदेश में बारिश करेगा।

### इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश मौसम विभाग में आज शनिवार के लिए प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। देवास, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, दमोह, डिंडौरी जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। शेष जिलों में हल्की बारिश कहीं कहीं धूप खिले रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया सिस्टम एक्टिव है। दूसरी ओर, मानसून ट्रफ ऊपर से गुजर रही है। इसके असर से शनिवार को ज्यादा जिलों में तो तेज बारिश नहीं होगी, लेकिन 1 से 3 सितंबर तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश का दौर शुरू होगा। लो प्रेशर एरिया सिस्टम का असर बढ़ने से ऐसा होगा।

मध्य प्रदेश मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉक्टर वेद प्रकाश ने बताया कि एक मानसून ट्रफ प्रदेश के शिवपुरी, सीधी से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया में मर्ज हो रहा है। एक-दो दिन बाद यह असर दिखाते हुए आगे बढ़ेगा।

कटाक्ष




## एटॉमिक एनर्जी प्रोजेक्ट्स की हर अड़चन दूर कराएंगे आईएएस

### 4200 मेगावॉट जनरेशन पर 50 फीसदी बिजली खरीदेगी एमपी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में थर्मल पॉवर जनरेशन में आने वाले खर्च को देखते हुए विंड और सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित करने के बाद अब सरकार परमाणु बिजली उत्पादन की ओर अग्रसर हो रही है। इसके लिए दो बड़ी परमाणु परियोजनओं को चालू कराने के लिए कमेटी का गठन किया गया है।**

एक दशक से इन परियोजना का काम रुका था, जिसकी दिक्कतों को खत्म कराने के लिए यह हाई लेवल कमेटी बनाई गई है। इनमें से एक परमाणु ऊर्जा परियोजना चुटका में प्रस्तावित है, जहां 1400 मेगावाट क्षमता की परमाणु बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। वहीं, दूसरी परमाणु ऊर्जा परियोजना भीमपुर की है, जिसकी क्षमता 2800 मेगावाट होगी। इन दोनों परियोजनाओं से कुल 4200 मेगावाट एटॉमिक एनर्जी का जनरेशन किया जा सकेगा। यहां जनरेट होने वाली कुल बिजली का 50 फीसदी एमपी सरकार खरीदेगी।

दोनों ही परियोजनाओं के शुरू करने का काम न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जा रहा है। ये दोनों ही परियोजनाएं परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने वाली प्रदेश की पहली और दूसरी यूनिट्स होंगी। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव का कहना है कि इन प्रोजेक्ट्स को पूरा कराने का काम केंद्र सरकार की एनपीसीआईएल करेगी और इसकी अड़चनों को दूर कराने के लिए कमेटी बनी है। जब परमाणु ऊर्जा उत्पादन शुरू हो जाएगा तो एमपी सरकार यहां जनरेट होने वाली आधी बिजली की खरीदी करेगी।

# इंदौर के प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर में होंगे लगभग 7 करोड़ रुपये के विकास कार्य

## कार्ययोजना तैयार- श्रद्धालुओं के लिए होंगी मंदिर में अनेक सुविधाएं

◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर में लगभग 7 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाये जायेंगे। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए अनेक सुविधाएं रहेंगी। मंदिर क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया जायेगा।**



**यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में दी गई।**

बैठक में राऊ क्षेत्र के एसडीएम श्री विनोद राठौर, मंदिर के मुख्य पुजारी श्री दीपेश व्यास सहित मंदिर से जुड़े प्रमुख भक्तगण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान मंदिर की वर्तमान स्थिति, व्यवस्थाओं और सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि मंदिर में देखा गया है कि विगत कई वर्षों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या बेहद बढ़ गई है। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने की व्यवस्था भी विकसित करने की जरूरत है। समय-समय पर बड़े धार्मिक आयोजन भी होते है। अनेक त्योहार, पर्व आदि भी धूमधाम से मनाये जाते है इनमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है। इन सब को देखते हुए मंदिर का संपूर्ण विकास कराया जाना जरूरी है। बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा जन सहयोग से विकास कार्य कराये जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। विकास कार्यों पर लगभग 7 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद सुझाव लेकर इसे अंतिम रूप दिया जायेगा और जल्द ही कार्य शुरू किये जायेंगे।

## पहली छमाही में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 88 हजार पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। साल 2023 में 77,406 सड़क हादसे हुए हैं। जबकि साल 2024 की पहली छमाही (जनवरी से जून तक) में हादसों की संख्या 88 हजार 255 बताई जा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 35 फीसदी हादसे खराब सड़क और मवेशी के कारण हुए हैं। मध्यप्रदेश में पिछले साल 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 77 हजार 406 थी। जबकि साल 2024 में महज छह महीने में यह आंकड़ा पिछले साल के हादसों से आगे निकल गया है। इस साल जनवरी से जून तक की पहली छमाही में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 88 हजार पार है। 108 एम्बुलेंस की रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें जो कारण निकलकर आए हैं, उनको माकूल इंतजाम कर समाधान भी किया जा सकता था। लेकिन दावों, वादों में जुटी सरकार और आरोप प्रत्यारोप में जुटे विपक्ष ने इन हालातों को गंभीरता से नहीं लिया है। 108 एंबुलेंस रिपोर्ट में यह चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में 77,406 सड़क हादसे हुए हैं। जबकि साल 2024 की पहली छमाही (जनवरी से जून तक) में हादसों की संख्या 88 हजार 255 बताई जा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 35 फीसदी हादसे खराब सड़क और मवेशी के कारण हुए हैं। जबकि नशे में वाहन चलाने से 24 प्रतिशत हादसे होना बताया गया है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार के पास कोई ठोस प्लान नहीं है। जहां गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी गोवंश का सड़कों पर रहना कम नहीं हो रहा है। इधर, सड़कों की बदहाली दूर करने के लिए पीडब्ल्यूडी महज 15 दिन की कार्य योजना तो रखता है। लेकिन प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति ने जन से जुड़ी कई योजनाओं को रोक दिया है। इनमें सड़कों की मरम्मत, सुधार, पुनर्निर्माण जैसे काम भी रुक गए हैं।

## श्री अग्रसेन क्लब का बछ बारस का सामूहिक उद्यापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री अग्रसेन क्लब ने बछ बारस का सामूहिक उद्यापन हबलानी परिसर में किया। वैश्य समाज की 500 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। क्लब की प्रमुख मार्गदर्शक प्रेमचंद गोयल, संस्थापक राधा देवी मित्तल, कमल किशोर गर्ग, पुष्पा ऐरन, उषा राजेश बंसल के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बछ बारस का उद्यापन महिलाएं अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए करती हैं। महिलाओं ने बछ बारस के उद्यापन में आकर गाय बछड़े की पूजा की। साथ



ही बछ बारस के पटिऐ की भी पूजा की गई। कार्यक्रम में बेस्ट मेहंदी शीतल गर्ग, बेस्ट ड्रेसअप ताप्ती खंडेलवाल व कमल रावत को दिया गया। कार्यक्रम में और भी आकर्षक प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम की सूत्रधार मीना नारायण गोयल, गजेंद्र रिंकू अग्रवाल, सुरभि राजेश अग्रवाल, आशीष वंदना मित्तल, शुभम प्रियंका अग्रवाल, गायत्री नंदकिशोर अग्रवाल लता हुकुमचंद गर्ग थे। यहां उपस्थित सभी बहनों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। शुभम प्रियंका अग्रवाल ने सभी को भोजन कराया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उषा राजेश बंसल, शीतल निखिल अग्रवाल, मनीष खजांची, राजेंद्र गोयल समाधान, प्रयोग गर्ग आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। निखिल अग्रवाल ने कहा ऐसे आयोजनों से समाज की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

## महिलाओं ने किया गौमाता का पूजन, लिया आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शुक्रवार को बछ बारस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के कई मंदिरों, गोशालाओं में महिलाएं गो माता के पूजन के लिए पहुंची। महिलाओं ने गो माता का पूजन कर आशीर्वाद लिया। रणजीत हनुमान मंदिर में भी बछ बारस का पर्व मनाया गया। यहां सुबह से ही महिलाओं के आने के सिलसिला शुरू हो गया था। यहां पर गो माता और बछड़े का पूजन महिलाओं ने किया। इस दौरान गो माता और बछड़े को सजाया गया। महिलाओं ने गो माता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर में गो माता के पूजन के लिए पहुंची। महिलाओं ने गो माता को तिलक लगाया। जल अर्पित किया। इसके साथ ही गो माता को कई प्रकार के व्यंजन अर्पित किए।



## अनंत चतुर्दशी चल समारोह 17 सितम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 17 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी का चल समारोह परंपरागत रूप से निकाला जाएगा। समारोह में नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी, वहीं शस्त्र कलाओं का प्रदर्शन करते हुए अखाडे भी निकलेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सर्वश्रेष्ठ झांकियों और अखाड़ों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। जिला प्रशासन के निर्णायक मंच के समक्ष प्रदर्शन के लिए इस बार दो शस्त्र कला विधाओं का चयन किया गया है। इस मंच के समक्ष अखाड़ों के कलाकार 'सिर्फ लाठी के साथ बंदिश' (तलवार, चाकू, कुर्सी आदि का प्रयोग शामिल नहीं है) और 'बल्लम (भाला)' का प्रदर्शन कर सकते हैं। शस्त्र कला का निर्धारण आज संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में संपन्न हुई जि‍ला प्रशासन अखाड़ा निर्णायक समिति की बैठक में किया गया। समिति द्वारा इस बार निर्णय लिया गया है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शस्त्र कला के उक्त दोनों वर्गों में महिला अखाड़ों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक खेल के लिये तीन-तीन मिनट का समय प्रत्येक अखाड़े को दिया जाएगा। अखाड़ों को समय और अनुशासन का पालन करना होगा। अखाड़ों को जिला प्रशासन द्वारा तय किये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन करना होगा। अखाड़ों के साथ डीजे का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा।

## जेएसजी नवकार के एक्जुकेटिव सदस्यों ने किया

### म.प्र. विधानसभा भवन का अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जैन सोश्यल ग्रुप नवकार के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की दो दिवसीय भोपाल यात्रा के दौरान एक अदभुत अनुभव रहा। नवकार के लगभग 45 महिला पुरुषों का एक दल दो दिवसीय भोपाल भ्रमण पर था इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त सदस्यों के साथ विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के साथ भेंट कर उनका सम्मान किया गया। प्रमुख सचिव ने सदस्यों को प्रदेश की सर्वोच्च संस्था विधानसभा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं दर्शक दीर्घा से विधानसभा का अवलोकन करने की स्वीकृती प्रदान की।

अवधेश प्रताप सिंह ने जे.




एस. जी. नवकार के सदस्यों द्वारा की जा रही विभिन्न मानव सेवा एवं समाजिक सेवा के कार्यों की सराहना की एवं कहा कि हमें देश समाज ने बहुत कुछ दिया है उसके लिए गुप द्वारा की जा रही सेवा कार्य एक सराहनीय एवं अनुकरणी कार्य है।

नवकार ग्रुप के सदस्यों ने दो दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध भीम बेटका की रॉक शेल्टर्स सहित विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया।

ग्रुप की ओर से पूर्व रीजन चेयरमैन ललित सी जैन, अध्यक्ष अजय जैन, मुकेश भंडारी, राजेश जैन, हेमा बोहरा, मनोज लोढा, अजीत तातेड, संजय बोहरा, शैलेश जैन एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में पियूष सिंगी, नीरज कटारिया, हरेश शाह सहित अन्य सदस्य सपत्निक उपस्थित रहे। समस्त जानकारी जे एस जी नवकार इंदौर के सह सचिव विनय जैन ने प्रदान की।

# बढ़ते नीलगाय घोड़ा रोजके झुंडकर रहे सोयाबीन फसल चौपट

## बेबस किसान हो रहे परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। गौतमपुरा देपालपुर क्षेत्र में सोयाबीन फसल फल के दौर से गुजर रही हैं, और ऊपर से घोड़ा रोज, नीलगाय के झुण्ड पचास, से अधिक एक साथ अगर खेत से निकल जाय तों फसल चौपट हो जाती है इन दिनों रुणजी छड़ोदा, बड़ोली, तलावली, और बहुत से आसपास के गावों में यें झुण्ड देखे जा सकते हैं, आगे किसान संगठन और किसानों ने मिल कर प्रसासन और सरकारी खेमे को कई ज्ञापन भी दिये, परन्तु समस्याओ का कोइ धरातलीय निराकरण नही हुआ, इनको जंगलो में छोड़ने के वादे भी हुऐ परन्तु विभाग ने कोइ ठोस कदम नही उठाये, कई किसानों ने कहा की इनकी वज़ह से रोड क्रास करने में कई किसानों ने अपनी जान



तक से हाथ धोना पड़ गया, हमारा जिम्मेदार पदों पर अफसरो से प्रश्न हैं क्या टेबल पर कागजी कार्यवाही से निराकरण हो जायेगा या इनके लिए कोइ कदम उठेगा, जो मेहनत की कमाई और लागत लगी हूई फसले नष्ट करती हैं, नील गाय,, उसका बीमा या मुहावजा राशि मिलेगी,,,क्या किसान अपने दुःख किसको बताये।

समझने वाली बात होंगी,, प्रदेश सरकार ने भी नुकसान पर कई वादे किये हैं, हमें कई गावों के किसानों ने बताया की यें भी प्रकतिक नुकसानो में गिन कर मुहवजा में शामिल करना चाहिए,जिसमे किसानों को कुछ राहत मिले, या फिर इनको कही जंगलो में छोड़े जिसमे इनके जीवन को भी खतरा ना हो और किसानों को नुकसान भी नही झेलना पड़े। निराकरण की उम्मीद में किसान आशा भरी निगाहों से टकटकी लगाए देख रहा है क्योंकि किसान बेबस है।

# रिश्तेदार की जगह नर्सिंग का पेपर देने पहुंचा

### आधार कार्ड मांगने पर पकड़ाया; फर्जी परीक्षार्थी पर दर्ज हुई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जनरल नर्सिंग की परीक्षा के दौरान एक फर्जी छात्र को पकड़ा है। वह रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने पहुंचा था। जब उसका आधार कार्ड मांगा तो वह बहाना बनाने लगा। इस पर उसे परीक्षा देने से इनकार किया तो उसने अपना आधार कार्ड दिखाया, जो अलग था। नर्सिंग कांउसिल को सूचना देने के बाद छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

पूरा मामला शुक्रवार दोपहर शासकीय नर्सिंग कॉलेज का है। मामले में रोहित राज के खिलाफ केस दर्ज किया गया। वह अपने रिश्तेदार जितेंद्र कुमार की जगह परीक्षा देने पहुंचा था, जो कि बिहार का रहने वाला है। प्रिंसिपल अंगूरी सिंह ने बताया कि जनरल नर्सिंग का पेपर दोपहर 2 से 5 बजे तक था।

प्रिंसिपल अंगूरी सिंह के मुताबिक छात्र बारिश के कारण जल्दी में भागते हुए आया। इस दौरान टीचर ने उसे एडमिट कार्ड देखकर परीक्षा हॉल में बैठने दिया। बाद में जब उससे आधार कार्ड मांगा तो वह बहाने बनाने लगा। जब उसे बोला कि एडमिट कार्ड पर लगे फोटो का चेहरा तुमसे नहीं मिल रहा है। तुम्हें आधार कार्ड दिखाना होगा, नहीं तो परीक्षा नहीं दे पाओगे। इसके बाद छात्र ने अपना ओरिजिनल आधार कार्ड दिखाया, जिसमें नाम अलग था। फर्जी छात्र ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने पहुंचा है। इसके बाद नर्सिंग काउंसिल को सूचना दी गई। काउंसिल के नियमों के तहत परीक्षा नियमों के उल्लंघन का केस भी बनाया और छात्र पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई।

# सराफा व्यापारी पर जानलेवा हमला

इंदौर। सराफा व्यापारी पर दो बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल व्यापारी को चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मुकेरीपुरा के पास की बताई जा रही है। यहां पर राहुल शुक्ला पर पीछे से आए दो बदमाशों ने चाकू से सिर पर जानलेवा हमला करदिया। हमले के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। लोगों ने उनका पीछा भी किया। लेकिन वह हाथ नही आए। घायल को उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल ले जाया गया है। राहुल सराफा में व्यापार करते है। उनके पिता पुलिस विभाग में रहे है।

# नशे की हालत में की हवाई फायरिंग

### गार्ड ने भागकर बचाई जान; केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर इलाके की सिल्वर स्प्रिंग फेस-2 में देर रात हवाई फायरिंग की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक एक शख्स ने नशे की हालत में वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड पर कई राउंड हवाई फायरिंग की। गार्ड ने वहां से बचकर जान बचाई और थाने पहुंच घटना की शिकायत की। घटना शुक्रवार-शनिवार देर रात करीब सवा 12 बजे की है। पुलिस ने इस मामले में कमल सिंह परिहार की शिकायत पर प्रमोद पिता राजकुमार रघुवंशी निवासी सिल्वर स्प्रिंग 2 के खिलाफ हवाई फायर को लेकर केस दर्ज किया है। प्रमोद ने उतावलेपन में 315 बोर की बंदूक से लगातार फायर किये। जिसमें शिव मंदिर के यहां बैठे लोगो डर गए। कमल ने जब गोली की आवाजें सुनी तो आगे आकर देखा। जिसमें प्रमोद हवाई फायर करते हुए वहां पर बंदूक लहरा रहे थे। घटना बाद से सोसाइटी में रहवासियों के बीच डर का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी से बंदूक जब्त की है।

# फ्राड करने वाली गैंग से जुड़ा आरोपी धराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पेट्रोल पंप आवंटित करने के नाम पर एवं फर्जी निजी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के शातिर आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिर तार कर लिया है। उक्त बदमाश की दिल्ली पुलिस को भी तलाश थी। आरोपियों द्वारा वेब साईट के माध्यम से लोगों के फर्जी दस्तावेज तैयार की धोखाधड़ी की जा रही थी। फर्जी दस्तावेज के जरिए ये लोगों का बैंक अकाउंट खुलवाते थे और फिर साइबर फ्राड करते थे। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पेट्रोल पंप आवंटित करने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। जांच में पाया गया कि संपूर्ण कार्यवाई में आधार कार्ड,पेन कार्ड,बैंक खाता व पते सभी शासकीय डाटा की हेरा फेरी किसी संगठित गिरोह द्वारा की गई है। जांच आगे बढी तो पता चला कि वेबसाइट इंदौर के चितरंजन कुमार द्वारा तैयार की गई है। इस पर दिल्ली पुलिस ने इंदौर की क्राइम ब्रांच से संपर्क किया और फिर क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर चितरंजन पिता संजय दुबे निवासी चंपारण बिहार वर्तमान निवासी विजयनगर को गिर तार कर लिया और उसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दे दी है। दिल्ली पुलिस अब उसे इंदौर आकर अपने साथ ले जाएगी।

# हरदा का इनामी बदमाश गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने हरदा से हथियार तस्करी में 1& साल से फरार चल रहे सिकलीगरों के एक एजेंट को इंदौर से गिर तार किया है। वह इंदौर में मजदूरी कर रहा था। उसे आगे की कार्रवाई के लिए हरदा पुलिस को सौंप दिया गया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजू उर्फ बबलू पिता हीरालाल कोरकू निवासी गौरी नगर इंदौर स्थाई पता हरदा इंदौर में छिपकर फरारी काट रहा है। थाना छीपाबड़ में दर्ज प्रकरण में वह करीब 1& साल से फरार चल रहा है। उसकी गिर तारी पर करीब एक हजार रूपए का इनाम भी है। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर फरार इनामी बदमाश राजू को गिर तार कर लिया और आगे की कार्रवाई के लिए उसे हरदा पुलिस को सौंप दिया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े इनामी बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने प्राणघातक हमले के दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों को गिर तार कर लिया है। गिर त में आए बदमाशों का अ'छा खासा आपराधिक रिकार्ड भी है। डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि अलग अलग प्रकरणों में फरार चल रहे इनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए एडिशनल डीसीपी आनंद यादव को निर्देशित किया था। इसी कड़ी में द्वारकापुरी थाना प्रभारी आशीष सप्रे की टीम ने आरोपी वि'ू को गिर तार किया। वह हत्या के प्रयास के मामले में लगातार फरार चल रहा था। उस की गिर तारी पर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। इसी तरह पुलिस ने उसके साथी दिनेश चौहान निवासी त्रषि पैलेस को भी पकड़ा है। वह भी फरार चल रहा था। गिर त में आए बदमाशों का अ'छा खाशा रिकार्ड सामने आया है।

# क्षेत्र में घूमते मिला जिलाबदर बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तुकोगंज थाना पुलिस ने जिलाबदर बदमाश को क्षेत्र में घूमते हुए पकड़ा।उससे पुलिस ने चाकू भी बरामद किया है। उस पर रासुका की कार्रवाई कर जेल पहुंचाया गया है। तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लगातार लिप्त होने के चलते राजा उर्फ रजा पिता हीरामन निवासी गोमा की फेल को 14 अगस्त से 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया था। जिलाबदर अवधि के दौरान वह क्षेत्र में घूमता मिला। इस पर पुलिस ने उसे गिर तार कर रासुका की कार्रवाई कर जेल पहुंचाया।

## ट्रैफिक पुलिस ने सीखे वायु प्रदूषण से बचाव के गुर

# 70 फीसदी वायु प्रदूषण सडक़ों पर चलने वाले वाहनों के कारण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में वायु गुणवत्ता सुधार की मुहिम के साथ अब ट्रैफिक पुलिस के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सडक़ों पर ट्रैफिक की वजह से वायु प्रदूषण से जुड़े खतरों को देखते हुए ट्रैफिक नियंत्रण विभाग और क्लीन एयर कैटलिस्ट (सीएसी) ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव विषय पर आयोजित वर्कशॉप में एक दिन का प्रशिक्षण दिया।

क्लीन एयर कैटलिस्ट के एक अध्ययन के मुताबिक इंदौर में 70 फीसदी वायु प्रदूषण सडक़ों पर चलने वाले वाहनों के कारण होता है। यातायात पुलिस को प्रशिक्षण देते हुए सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. सलिल भार्गव ने कहा, वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने से सांस और हृदय संबंधी बीमारियों सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियां हमारी 100 साल की जिंदगी को घटा कर 70-80 साल तक ला रही हैं। वायु प्रदूषण के बीच सडक़ पर लंबा समय बिताने की वजह से यातायात पुलिस के लिए जोखिम ज्यादा है।हमें जागरूक हो कर इन खतरों से बचना हैं। प्रदूषण के खतरों से बचने के लिए मास्क लगाना, प्राणायाम और व्यायाम, शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनाए रखना, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य की नियमित जांच बेहद जरूरी है। इंदौर नगर निगम के अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा ने कहा, यह प्रशिक्षण यातायात पुलिस की सेहत के बचाव के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। ट्रैफिक टीआई, पश्चिम क्षेत्र, अर्जुन पवार ने कहा कि यह प्रशिक्षण आम लोगों के ही साथ यातायात पुलिस की खुद की सुरक्षा में मददगार होगा। असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, अर्बन हेल्थ, विनय पांडे ने कहा कि पब्लिक हेल्थ के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आशा कार्यकर्ता अब शहर में वायु प्रदूषण रोकने में मदद करेंगी। क्लीन एयर कैटलिस्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर कौशिक हजारिका ने वायु गुणवत्ता सुधार के लिए इंदौर नगर निगम के साथ किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा दिया। वाइटल स्ट्रेटेजीज के प्रोग्राम मैनेजर सौरभ पोरवाल ने स्वास्थ्य पर वायु गुणवत्ता के दुष्प्रभावों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। मेघा नामदेव ने ट्रांसपोर्ट सॉल्युशंस के बारे में विस्तार से बताया जिनके लागु होने से इंदौर शहर स्वच्छ वायु, स्वच्छ और स्वस्थ इंदौर के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।साइंटिस्ट डॉ. निवेदिता बर्मन ने एयर क्वालिटी बेसिक साइंस को बुनियादी उदाहरणों के साथ समझाया।

सीएम डॉ. यादव बोले-

# प्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ निवेश को बढ़ावा देने की योजना लागू की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ निवेश को बढ़ा देने के लिए योजना लागू की गई है। उज्जैन में समय के निर्धारण के लिए स्थापित वैदिक घड़ी विश्व में अनूठा उदाहरण है और राजधानी भोपाल जीता- जागता पर्यटन का केंद्र है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के होटल ताज में तीन दिवसीय इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के 39वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अधिवेशन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। इस मौके पर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं पर्यटन धर्मेंद्र सिंह लोधी, एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव मेहरा, प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोई बात असंभव नहीं हो सकती है। उनके नेतृत्व में देश पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है। भगवान महाकाल समय के देवता हैं। हमारे जीवन में प्रतिपल, उल्लास और उमंग जगाने वाले हैं। टूर आपरेटर्स भी उसी भूमिका में काम करते हैं। भोपाल जीता-जागता पर्यटन का केंद्र बन गया है। यहां अक्सर बाघ भी देखने को मिलते हैं। बड़ा तालाब बांध निर्माण की उत्कृष्ट शैली का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलते दौर में ट्रेन से पोलेंड से यूक्रेन तक की यात्रा कर भारत की भूमिका का अहसास कराया।



### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया संबोधित

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत को वैश्विक पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए अपने दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध इतिहास, संस्कृति और खानपान की विविधता को जानने का वैश्विक आकर्षण बढ़ रहा है। यह पर्यटन क्षेत्र के लिए नए अवसरों के द्वार खोलता है, और हमें मिलकर भारत को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने में योगदान देना होगा।

### आईएटीओ पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन

पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश हेरिटेज, कल्चरल, स्पिरिचुअल, रिस्पॉन्सिबल और सेफ टूरिज्म में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईएटीओ का यह सम्मेलन मध्यप्रदेश पर्यटन को विश्व पटल पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान आईएटीओ मैनुअल का विमोचन किया गया और आईएटीओ पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वर्गीय एम एल राजदान को हॉल ऑफ फेम सम्मान प्रदान किया गया, जिसे उनकी बहू अनीता राजदान ने ग्रहण किया। इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड के एमडी और सीईओ पुनीत छटवाल को भी हॉल ऑफ फेम सम्मान मिला।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

'मनमोहक मध्यप्रदेश : भारत की हृदय भूमि' नामक सांस्कृतिक प्रस्तुति में मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक और नैसर्गिक सौंदर्य को दर्शाया गया। इस भव्य प्रस्तुति में 53 कलाकारों ने 40 मिनट में मध्यप्रदेश की विरासत, आध्यात्मिकता और ऐतिहासिक महत्व को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, भील जनजाति का पारंपरिक भगोरिया नृत्य भी प्रदर्शित किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि आईएटीओ का मध्यप्रदेश सम्मेलन आने वाले कन्वेंशन के लिए एक बेंचमार्क सेट करेगा।

मध्य प्रदेश में 2 अक्टूबर से होने जा रहे बड़े बदलाव

# जेलों का नाम होगा 'सुधार संस्था', अफसर कहलाएंगे 'सेवा अधिकारी'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की जेलों का नाम बदलने की तैयारी है। अब इन्हें सुधार संस्थान के रूप में जाना जाएगा, जबकि जेल विभाग के अधिकारियों को सुधार सेवा अधिकारी कहा जाएगा। मध्य प्रदेश में 2 अक्टूबर, गांधी जयंती से एमपी सुधारात्मक सेवयेन एवं बंदीगृह अधिनियम, 2024 लागू हो जाएगा। इस अधिनियम को पिछले महीने राज्य विधानसभा में मंजूरी दी गई थी।

दशकों पुराने जेल अधिनियम को वर्तमान समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपडेट किया गया है। एमपी सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह विधायक, 2024 को



केंद्र सरकार के मॉडल कारागार अधिनियम, 2023 की तर्ज पर तैयार किया गया है। केंद्रीय जेल, जिला जेल, उप-जेल और खुली जेल को क्रमशः केंद्रीय जेल और सुधार संस्थान, जिला जेल और सुधार संस्थान, उप-कारागार और सुधार संस्थान और खुला सुधार संस्थान कहा जाएगा। नए अधिनियम के साथ, सरकार जेल और सुधार संस्थानों के प्रभावी मैनेजमेंट और कैदियों की सुरक्षा के लिए नई तकनीक अपनाने के लिए तैयार है। यह जेल और सुधारात्मक संस्थान प्रशासन को कम्प्यूटराइज्ड करेगा और डेटाबेस को केंद्र सरकार की कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम के साथ इंटीग्रेट करेगा। सरकार इन सुधार ग्रहों में प्रतिबंधित वायरलेस और अन्य बैन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का पता लगाने और उनके उपयोग पर रोक लगाने के लिए मॉडर्न टेक्निक का उपयोग करेगी। अधिकारियों ने कहा कि नया अधिनियम जेलों में भीड़भाड़, अपराधी की साइक्लॉजी को समझने और अपराधी से बेहतर तरीके से निपटने के लिए जेल कर्मचारियों को ट्रेन्ड करने का काम करेगा। राज्य की 132 जेलों में करीब 50,000 कैदी हैं, जबकि क्षमता सिर्फ 35,000 कैदियों की है। अधिकारियों ने बताया कि भीड़भाड़ से निपटने के लिए बैतूल, दमोह, छतरपुर, सागर, भिंड, मंदसौर और रतलाम में नई जेलों का प्रस्ताव बनाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेल अधिनियम, कैदी अधिनियम और कैदी स्थानांतरण अधिनियम की समीक्षा की है और इन अधिनियमों के प्रावधानों को मॉडल कारागार अधिनियम, 2023 में समाहित किया गया है।

# सबके सामने पत्नी को 'मोटी भैंस' कहता था, 4 बेटियों को ले भांजे के साथ चली गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। अपनी चार बेटियों को लेकर भांजे के साथ गई महिला के मामले में नया खुलासा हुआ है। महिला की एक बेटी को पुलिस ने भोपाल से बरामद कर लिया है। महिला तीन बेटियों के साथ भोपाल से राजस्थान और यहां से दिल्ली पहुंच गई है। दिल्ली में वो कहां और किसके साथ है, यह अभी पता नहीं चल पाया है। मामला जबलपुर के बेलखेड़ा थाना के कुसली गांव का है।

जिस भांजे के साथ महिला गई थी, उसकी भी तलाश जबलपुर पुलिस आज तक नहीं कर पाई है। इधर, महिला के पति महेंद्र ने गुरुवार को अपने भांजे के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। महेंद्र का कहना है कि पत्नी ममता और बच्चियों को मेरा भांजा धोखे से अपने साथ लेकर गया है। मुझे लगता है कि उनके साथ कुछ अनहोनी हो गई है। ये सोच-सोच कर डर लग रहा है। गुरुवार को महेंद्र वंशकार एक बार फिर से जबलपुर में पत्नी और भांजे की शिकायत करने एसपी आफिस पहुंचा। भांजे का नाम दुर्गेश है। नरसिंहपुर के सर्रा गांव में उसका घर है। कुछ माह से वो जब कभी भी घर आता, पत्नी और बच्चियों से हंस-हंस कर बात करता था। सोचा नहीं था कि वह ऐसा भी कर सकता है। कुसली गांव में रहने वाले 46 वर्षीय महेंद्र वंशकार ने बताया कि 18 साल पहले उसकी शादी नरसिंहपुर निवासी ममता (38) से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों में विवाद होता आ रहा था। उसकी चार बेटी हैं। पिछले महीने 17 जुलाई को वह काम से जबलपुर आया। शाम को घर गया तो देखा कि चार बच्ची और पत्नी गायब है। घर का दरवाजा बाहर से बंद था। पांचों को पूरे गांव में तलाश किया। इस दौरान गांववालों ने बताया कि दोपहर को उसकी पत्नी और बेटियां, भांजे दुर्गेश के साथ गांव से बाहर जाते हुए दिखे थे।ममता ने बताया कि वह अब पति के साथ नहीं रह सकती और न ही बेटियां। ममता का कहना है कि महेंद्र शादी के बाद से ही परेशान कर रहा है। शराब पीकर मारपीट करता है। वो ये सब भी सह रही थी। लेकिन, अब उसने गांव वालों के सामने ही मोटी भैंस बात-बात पर बोलना शुरू किया। इसके बाद सोच लिया कि अब इसके साथ नहीं रहना है।

## कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत की अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होने से पहले ही विवादों में घिर गई है। सिख समुदाय के लोगों ने विरोध करते हुए फिल्म पर बैन लगाने की मांग की है। जबलपुर सिख संगत ने कंगना रनौत की फिल्म को विवादास्पद बताया है। BJP के पूर्व मंत्री हरेंद्र सिंह बब्बू ने कहा कि कंगना जब सांसद नहीं थी तब भी बहुत गंदा बोलती थी। शुक्रवार को सैकड़ों लोग रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए फिल्म पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की। उन्होंने फिल्म में सिख समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी पत्र लिखा है। बता दें कि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

## तहसीलदार की पोस्ट-'मुंह छिपाकर दारु पी रही प्रियंका गांधी'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना जिले के कुंभराज में पदस्थ तहसीलदार अमिता सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट की है। जिसमें उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर कहा है कि कैमरा सामने आते ही मुंह छिपाकर लंदन में दारू पी रही हैं। उन्होंने पोस्ट में राहुल खान लिखा। लिखा- बकरे और बीफ खाने वाले ब्राह्मण राहुल खान और वाड्रा परिवार 100 करोड़ हिंदुओं के देश पर राज करने का सपना पाले हैं। अपनी पोस्ट के साथ उन्होंने एक फोटो भी लगाया है। जिसमें प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ड वाड्रा बैठे नजर आ रहे हैं। हालांकि, कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। जब तहसीलदार अमिता सिंह से पोस्ट को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान चल रहा है। बार-बार ओटीपी आता रहता है, इसलिए मेरा मोबाइल किसी के भी पास रहता है, मेरे पास नहीं रहता है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा ने कहा- तहसीलदार हैं, वे अपनी प्रशासनिक औकात में रहकर जो उन्हें जिम्मेदारी है उसे निभाएं। यदि वो समझती हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को खुश कर वहां नौकरी कर लेंगी, तो उन्हें लंबा प्रशासनिक जीवन निभाना है। कभी भी तकलीफ में आ सकती हैं। महिला हैं, अपने दायरे में काम करें। यदि तहसीलदार नहीं, समाज सुधारक बनना चाहती हैं, तो उन्हें राजनीति में आ जाना चाहिए। अपनी हैसियत पता लग जाएगी। ये वही तहसीलदार हैं, जो हमेशा विवादों में रहती हैं।

## संपादकीय

# क्या सिर्फ परीक्षा पास करना ही है जिंदगी का लक्ष्य

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने का केंद्र माने जाने वाले कुछ शहरों से अक्सर विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। इसके अलावा, दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में भी फेल होने या नंबर कम आने के तनाव में कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें हर वर्ष आ जाती हैं। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रह कर एक व्यापक समस्या की शक्ल लेती जा रही हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की दर कुल आत्महत्या की दर से तो ज्यादा है ही, लेकिन अब यह जनसंख्या में इजाफे की दर को भी पार गई है। गौरतलब है कि आइसी-3 सम्मेलन में बुधवार को राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी' शीर्षक से जारी रपट में यह बताया गया है कि आत्महत्या की कुल घटनाओं में प्रति वर्ष जहां दो फीसद की बढ़ोतरी हुई है, वहीं विद्यार्थियों के बीच जान दे देने की मामलों में चार फीसद यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी की वृद्धि हुई है। यह स्थिति तब है, जब इस बात की संभावना है कि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामलों में 'कम रिपोर्टिंग' हुई हो। अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोतरी की रफ्तार से भी तेज है तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं। स्कूल या उच्च शिक्षा का वह कैसा पाठ्यक्रम है जो बच्चों के भीतर हौसले और जीवट को मजबूत करने के बजाय उन्हें भावनात्मक स्तर पर बेहद कमजोर बना देता है। वहीं समाज और अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का वह कैसा बोझ है, जिसके नीचे दब कर बच्चे दम तोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह शिक्षा के समूचे ढांचे और सामाजिक सोच की एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर बिना देरी किए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह स्थिति एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत दूरदर्शिता पर एक सवाल है, वहीं यह सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कामयाबी को लेकर भ्रमित धारणा का भी संकेत है।




शेखचिल्ली का काम में मन नहीं लगता था। ऐसे में सही से काम न करने की वजह से शेखचिल्ली के मालिक ने उसे नौकरी से हटा दिया। नौकरी जाने के कारण शेखचिल्ली बहुत दुखी था। अब उसे दूसरी नौकरी चाहिए थी, इसलिए वह दूसरी नौकरी की तलाश करने लगा। नौकरी की तलाश करते-करते एक दिन वह एक सेठ के पास पहुंच गया। उसने सेठ से नौकरी मांगते हुए कहा कि मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास जेब खर्च के भी पैसे नहीं हैं, इसलिए कोई भी काम मुझे चलेगा। बस आप मुझे नौकरी पर रख लें।

वह सेठ बहुत चालाक था, इसलिए वह शेखचिल्ली को नौकरी पर रखने के लिए राजी हो गया। ऐसा करते हुए उसने अपनी एक शर्त भी रखी। उसने शेखचिल्ली से कहा कि मैं तुम्हें नौकरी पर रख लूंगा, लेकिन उसके लिए तुम्हें एक इकरारनामा लिखकर देना होगा। इकरारनामे में यह लिखा जाएगा कि अगर तुम अपने मन से नौकरी छोड़ने की बात करोगे, तो मैं तुम्हारी नाक और कान कटवा दूंगा।

शेखचिल्ली राजी हो गया, लेकिन उसने भी अपनी एक शर्त इकरारनामे में लिखवाने को कही। शर्त यह थी कि अगर सेठ खुद से शेखचिल्ली को नौकरी से निकालेगा, तो शेखचिल्ली उसके नाक और कान कटवा देगा। थोड़ा सोचने-विचारने के बाद सेठ भी शेखचिल्ली की बात पर राजी हो गया।

दोनों के राजी होने के बाद एक इकरारनामा तैयार कराया गया और उसपर दोनों के हस्ताक्षर ले लिए गए, ताकि भविष्य में कोई अपनी बात से न पलट सके। इसके बाद शेखचिल्ली सोने के लिए चला गया।

अगले दिन जब शेखचिल्ली उठा तो उसने देखा कि उसकी दाढ़ी और बाल बहुत बढ़ गए हैं। यह देख उसने दाढ़ी और बाल बनाने की सोची और चूना पानी में पीसकर डाल दिया।

तभी सेठ वहां आया और उस चूने वाले पानी से अपना मुंह धो लिया और सेठ की पत्नी ने भी उससे अपने बालों को धो लिया। नतीजा यह हुआ कि इससे सेठ जी के चेहरे पर खुजली और जलन होने लगी। उसकी पत्नी के भी सारे बाल गिर गए। यह देख सेठ बहुत नाराज हुआ। उसने शेखचिल्ली को डांटते पूछा, ''यह क्या है?''

इस पर शेखचिल्ली ने जवाब देते हुए कहा कि मैंने तो इकरारनामे के खिलाफ कोई भी काम नहीं किया है, तो फिर आप मुझ पर क्यों चिल्ला रहे हैं। शेखचिल्ली के इस जवाब पर सेठ शांत हो गया और आगे कुछ नहीं कहा।

अगले दिन शेखचिल्ली नें एक बैग लेकर उसमें पत्थर भर दिए और उसे सेठ के ऑफिस में जाकर रख दिया। यह बैग बिलकुल वैसा ही था, जिसमें सेठ अपनी जरूरी किताबें रखा करता था। जब सेठ ने वो बैग खोला, तो वो उसे देखकर दंग रह गए। बैग में किताबों की जगह पत्थर भरे हुए थे। यह देखकर सेठ के ऑफिस के लोग भी हंसने लगे। इस बात से सेठ को शर्मिंदगी हुई। अब उन्हें यह अंदाजा हो गया था कि जिसे उन्होंने नौकरी पर रखा है, वह चालाक और तेज दिमाग वाला है और वह उनके इकरारनामे वाली योजना का जवाब इस तरह से दे रहा है।

इकरारनामे के मुताबिक, शेखचिल्ली को हर रोज घोड़े को चराकर भी लाना था। एक दिन जब शेखचिल्ली घोड़े को चराने लेकर गया, तो वह खुद एक जगह पर सो गया और घोड़े को अकेले ही चरने के लिए छोड़ दिया। रात को जब शेखचिल्ली सेठ के घर वापस आ रहा था, तो उसे रास्ते में एक सौदागर मिला।

सौदागर ने शेखचिल्ली से घोड़े को बेचने के लिए कहा। शेखचिल्ली और सौदागर के बीच 40 रुपये में सौदा तय हुआ। इस पर शेखचिल्ली ने सौदागर से पैसे लेकर घोड़ा उसे दे दिया, लेकिन घोड़े की पूंछ कट ली।

सौदागर को घोड़ा बेचने के बाद रुपये और घोड़े की कटी हुई पूंछ लेकर शेखचिल्ली सेठ के पास पहुंचा। सेठ के पास पहुंचते ही शेखचिल्ली जोर-जोर से चिल्लाने लगा। सेठ ने जब उसके रोने और चिल्लाने की वजह पूछी, तो शेखचिल्ली ने घोड़े की पूंछ दिखाते हुए कहा, ''एक चूहा घोड़े को अपने बिल में खींच ले गया। घोड़े को बचाते हुए बस उसकी यह पूछ मेरे हाथ में रह गई।''

इस बात पर सेठ को गुस्सा तो बहुत आया, लेकिन वो शेख को कुछ नहीं कह पाए। वजह यह थी कि इकरारनामे के मुताबिक, अगर वह शेखचिल्ली को नौकरी से निकालता, तो उन्हें शेखचिल्ली से अपनी नाक-कान कटवानी पड़ती।

इकरारनामे में इस बात का भी जिक्र था कि शेखचिल्ली हर रोज सेठ के घर में जलाने के लिए लकड़ी लेकर आएगा। ऐसे में तय हुए काम के अनुसार, जब शेखचिल्ली लकड़ी लेकर तो आया, लेकिन उसने घर में रखी और लकड़ियों को भी आग लगा दी।

इस दौरान सेठ मंदिर गया था। जब वो वापस आया, तो जला हुआ घर देखकर वो काफी दुखी हो गया। उन्होंने शेखचिल्ली से कहा, ''तुमने घर में आग क्यों लगाई? अब मैं तुम्हें नौकरी पर नहीं रखेंगे।''

सेठ की इस बात पर शेखचिल्ली ने उन्हें इकरारनामे की याद दिलाई। सेठ ने तंग आकर अपनी पत्नी से कहा कि इस नौकर ने तो परेशान कर दिया है और मैं चाहकर भी इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहा हूं।

सेठ की परेशानी देखकर उसकी पत्नी सुझाव देती है कि मैं अपने मायके जाने की तैयारी करती हूं। आप मुझे छोड़ने जाने के बहाने मेरे से साथ एक बक्से में सारा समान भरकर यहां से निकल चलिए। फिर हम यहां दोबारा लौटकर नहीं आएंगे और आपको इस नौकर से छुटकारा मिल जाएगा।

जब सेठ और उसकी पत्नी यह बातें कर रहे थे, तो शेखचिल्ली छिपकर उन दोनों की बातें सुन रहा था। वह पहले से ही जाकर उस बक्से में बैठ गया, जिसे सेठ अपने साथ ले जाने वाला था। सुबह होते ही सेठ और उसकी पत्नी बक्सा उठाकर चुपचाप घर से निकल जाते हैं।

घर से निकल कर सेठ सोचते है कि उनका शेखचिल्ली से पीछा छूट गया। तभी शेखचिल्ली को बक्से में बैठे-बैठे पेशाब आ गई और उसने संदूक में ही पेशाब कर दिया। सेठ को लगा कि संदूक के अंदर जो हलवा रखा है, शायद ये उसका घी निकल रहा है।

जब सेठ ने संदूक उतारकर जमीन पर रखा, तो शेखचिल्ली झट से संदूक से बहार निकल आया। उसने सेठ से कहा कि मैं आपका पीछा तब तक नहीं छोड़ूंगा, जब तक मैं इकरारनामे के अनुसार आपके नाक और कान काट नहीं लेता।

शेखचिल्ली के सामने आने पर सेठ ने शेखचिल्ली से संदूक उठाकर चलने को कहा। शेखचिल्ली ने इसके लिए साफ मना कर दिया। शेख के मना करने पर बेचारे सेठ खुद ही संदूक उठाकर चलने लगे।

जब ससुराल कुछ दूर रह गया, तो सेठ ने शेखचिल्ली से कहा कि जाओ और ससुराल वालों से कह दो कि मैं आया हूं और कुछ दूरी पर बैठा हूं। कोई आकर मुझे यहां से ले जाए।

शेखचिल्ली ने सेठ जी की बात मानते हुए ससुराल जाकर कहा, ''सेठ जी बीमार हैं और वो काफी मुश्किल के साथ यहां तक आए हैं। वह यहां से कुछ ही दूरी पर बैठे हैं। कोई जाकर उन्हें ले आओ।''

इस तरह सेठ जैसे-तैसे अपनी ससुराल पहुंच गया। ससुराल में जब खाने का वक्त आया, तो सेठ के सामने बिना तड़के वाली दाल रखी गई। वहीं, शेखचिल्ली को अच्छे पकवान परोसे गए।

इसके बाद रात को सेठ को जब पाखाना लगा तो सेठ जी से शेखचिल्ली ने कहा कि इतनी रात को कहां जाएंगे यहीं जो हांडी रखी है, उसमें पाखाना कर लीजिए। सेठ जी ने शेखचिल्ली की बात मानी और ठीक वैसा ही किया।

सुबह जब सेठ ने शेखचिल्ली को वह हांडी फेंकने को कहा तो शेखचिल्ली ने मना कर दिया। लाचार सेठ खुद ही वो हांडी उठाकर फेंकने चल दिया, लेकिन जैसे ही वो घर की चौखट पर पहुंचा, ठोकर लगने से हांडी छूटकर नीचे गिर गई और आस-पास मौजूद सभी लोगों पर पाखाने के छींटे पड़ गए। इस पर सभी लोग सेठ से दूर होकर थू-थू करते हुए भागे।

### कहानी से सीख :

शेखचिल्ली की दूसरी नौकरी कहानी से सीख मिलती है कि अधिक चतुराई कभी-कभी खुद पर भारी पड़ जाती है।

Bihar

# सीवान में भारी बवाल, महावीरी अखाड़ा में पुलिस पर हमला, पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल

**सारण, (एजेंसी)** सीवान मे महावीरी अखाड़ा के दौरान भारी बवाल हुआ है। इस घटना में कई पुलिसकर्मी सहित अन्य क़ई लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज हुसैनगंज के पीएचसी में चल रहा है। मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा गांव का है।

घटना के संबंध में लोगों का कहना है कि बड़का टोला के अखाड़ा के लोग निर्धारित रूट से हटकर दूसरे रूट से जाने की जिद करने लगे। जब प्रशासन ने इसकी इजाजत नही दी तो अखाड़ा नही निकालने की बात कहकर लौटने लगे। और फिर कुछ ही देर में अखाड़ा के लोगों ने सड़क जामकर कर दिया। सड़क जाम होने पर जब प्रशासन वहां समझाने पहुंची तो उसमें शामिल उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इसी दौरान भगदड़ होने लगी। पुलिस पर हमले में दो पुलिस कर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं।



यह खबर जैसे ही लोगों को मिली, पूरे इलाके में यह खबर आग की तरह फैल गयी। हथौड़ा गांव के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती है। वही गुस्साई भीड़ ने हुसैनगंज के बीडीओ की गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया। इस घटना के संबंध में सीवान एसपी अमितेश कुमार का कहना है कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बड़का टोला गांव के अखाड़ा वाले लोगों ने पहले तो दूसरे रूट से अखाड़ा ले जाने को कह रहे थे। इसको लेकर प्रशासन ने मना कर दिया। अखाड़ा के लोगों ने कहा कि हमलोग अखाड़ा नही निकालेंगे और वह लोग वापस चले गए। लेकिन फिर कुछ देर बाद अचानक सड़क पर आ गए और सड़क जाम कर दिया।

New Delhi

## चौथी बार बेटी हुई तो मां ने दबा दिया गला, शव बैग में भरकर फेंका, परिजनों से कहा- बच्ची लापता हो गई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली (Delhi) में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां चौथी बार बेटी पैदा होने पर मां ने उसकी हत्या कर दी. हत्या के बाद शव को बैग में छिपा दिया. जब इस मामले का खुलासा हुआ तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार, यह घटना पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके की है. यहां सुबह करीब साढ़े पांच बजे ख्याला थाने में कॉल पर सूचना मिली कि छह दिन की बच्ची लापता है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की.

पूछताछ के दौरान लापता बच्ची की मां 28 वर्षीय शिवानी निवासी शाहदरा ने बताया कि वह बीती रात अस्पताल से डिस्चार्ज हुई थी, इसके बाद वह अपने मायके आ गई. रात करीब दो-ढाई बजे उसने बच्ची को दूध पिलाया और सो गई. सुबह करीब साढ़े चार बजे जब वह उठी तो पास में बच्ची नहीं थी.

पुलिस ने पूरी बात सुनने के बाद मामले की जांच शुरू की.आसपास के सीसीटीवी खंगाले और लोगों से भी पूछताछ शुरू की. पुलिस जब पड़ताल में जुटी थी, उसी दौरान शिवानी ने कहा कि उसे टांके हटवाने के लिए अस्पताल जाना होगा. पुलिस को इस दौरान उसकी बात सुनकर थोड़ा अजीब लगा, लेकिन मेडिकल कंडीशन को देखते हुए पुलिस ने उसे नहीं रोका. पुलिस की तलाशी के दौरान पास के घर की छत पर एक बैग मिला, जिसे खोला तो उसमें बच्चा था, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया. बच्ची की मां का व्यवहार पुलिस को संदिग्ध लगा, इसलिए उसका और उसके पति के बारे में पता करने के लिए पुलिसकर्मी अस्पताल, बस/मेट्रो स्टेशन और शाहदरा में उसके घर पर पहुंचे.

Bihar

## कटिहार में छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी झड़प, डीएस कॉलेज के हॉस्टल में गोलीबारी; एक जख्मी

**कटिहार, (एजेंसी)** बड़ी खबर बिहार के कटिहार से आई है जहां छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी भिड़त हो गई। मामूली विवाद को लेकर बात इतनी बढ़ गई कि गोलीबारी हो गई। गोली लगने से एक छात्र जख्मी हो गया जिसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। एसपी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल हालात नियंत्रण में है। उन्होंने सभी छात्रों से एहतियात बरतने और शांति बहाल करने की अपील की है। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी की पहचान हो गई है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

घटना नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक डीएस कॉलेज स्थित छात्रावास में दो पक्ष में पैसे के लेनदेन में मारपीट हो गई। बात इतनी बढ़ गयी कि मारपीट के क्रम में एक पक्ष में दूसरे पक्ष पर गोली चला दी। उसकी ओर से चलाई गयी गोली विशाल झा नामक युवक के गर्दन के पास गोली लगी है। वह जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां से पूर्णिया रेफर किया गया है। हॉस्टल में दहशत का माहौल बना हुआ है।

Andhra Pradesh

## गर्ल्स हॉस्टल में छिपा हुआ कैमरा, 300 VIDEO मिलने का दावा; इंजीनियरिंग कॉलेज की लड़कियों ने किया हंगामा

**अमरावती, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के कृष्णा में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के हॉस्टल के शौचालय में एक छिपा हुआ कैमरा पाए जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कृष्णा जिले के एसआर गुडलावल्लेरु इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को खान मंत्री के रविंद्र से शिकायत की कि प्रबंधन ने इस मामले को दबाने की कोशिश की और इस मामले में शिकायत दर्ज कराने वाली छात्राओं को धमकाने की हद तक चले गए।



गुरुवार रात से ही सैकड़ों छात्राएं इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। छात्रों ने के रविंद्र के सामने अपनी पीड़ा बताई, जो मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के निर्देश पर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ कॉलेज पहुंचे।

आंध्र प्रदेश पुलिस ने आरोपी विजय की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है, जो उसी कॉलेज का छात्र था। उसका लैपटॉप जब्त कर लिया गया और करीब 300 अश्लील वीडियो बरामद किए गए। पुलिस को संदेह है कि उसने इस वीडियो को दूसरे छात्रों को बेचा था।

खेल

# यूएस ओपन 2024 में एक और बड़ा उलटफेर, अल्कारेज के बाद अब नोवाक जोकोविच भी बाहर

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)** यूएस ओपन 2024 में एक और बड़ा उलटफेर देखने को मिला है. सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच यूएस ओपन 2024 से बाहर हो गए हैं. नोवाक को 28वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्सी पोपिरिन ने हराया. 30 अगस्त को आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दूसरी सीड जोकोविच को 4-6, 4-6, 6-2, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा. यह मुकाबला घंटे और 19 मिनट तक चला.

18 सालों में ऐसा पहली बार हुआ जब जोकोविच यूएस ओपन के चौथे राउंड तक भी नहीं पहुंच सके. जोकोविच 2017 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंड स्लैम खिताब के साल का अंत करेंगे. जोकोविच से पहले स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कारेज भी तीसरे दौर में हारकर यूएस ओपन 2024 से बाहर हो गए थे.



बता दें कि सबसे ज्यादा सिंगल्स ग्रैंड स्लैम खिताब (महिला और पुरुष) जीतने के मामले में जोकोविच और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई महिला स्टार मार्गरेट कोर्ट बराबरी पर हैं. दोनों ने सबसे ज्यादा संयुक्त रूप से 24 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स टाइटल जीते हैं. हालांकि मार्गरेट ने इनमें से 13 खिताब ओपन ऐरा से पहले जीते थे. टेनिस में ओपन ऐरा की शुरुआत साल 1968 में हुई थी.

यदि जोकोविच एक और ग्रैंड स्लैम खिताब जीतते हैं तो इतिहास रच देंगे. जोकोविच टेनिस करियर में 37 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स फाइनल खेल चुके हैं, जो ओपन युग में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है. वह स्विट्जरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और स्पेनिश स्टार राफेल नडाल को काफी पीछे छोड़ चुके हैं.

सिनेमा

## 17 साल की उम्र में घर से क्यों भागी थीं उर्फी जावेद, सालों बाद एक्ट्रेस ने तोड़ी चुप्पी



सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी ने भले ही अपने करियर की शुरुआत बतौर एक्ट्रेस की थी, लेकिन उन्हें सही मायने में पहचान उनके अतरंगी कपड़ों की वजह से मिली। उर्फी सोशल मीडिया पर अपने अजीबो-गरीब ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हैं। हर बार उर्फी को इसकी वजह से ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। इसी बीच उर्फी ने बताया कि वो 17 साल की उम्र में घर से क्यों भाग गई थीं? उर्फी जावेद हाल ही में डांस रियलिटी शो, 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' के मंच पहुंचीं। इस शो में उर्फी एक मजेदार थीम वाले एपिसोड 'उर्फी का चौका' के लिए पहुंचीं। उर्फी अपकमिंग एपिसोड में नजर आने वाली हैं। उर्फी इस शो में अपनी आने वाली सीरीज 'फॉलो कर लो यार' का प्रमोशन करने पहुंची हैं। यहां पर भी उर्फी ने अपना अतरंगी फैशन का रंग दिखाया। 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' शो में उर्फी जावेद शो की जज करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ ढेर सारी बातें कीं। इस दौरान गीता कपूर ने उर्फी से पूछा, 'जब आप अपने लिए एक मुकाम बनाना चाहती थीं, जिसे आप आज सफलतापूर्वक हासिल कर पाईं हैं, तो क्या आपको कभी अपने माता-पिता को मनाना पड़ा या आपने ऐसा इसलिए किया क्योंकि आप ऐसा करना चाहती थीं?' इस पर उर्फी ने कहा, 'मैं 17 साल की उम्र में घर से भाग गई थी। मेरा परिवार बहुत ही रूढ़िवादी था और मैं फिर भी भाग गई, इसलिए किसी को मनाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

Highlights

1. **Won't accept it: Patole as PM apologises on Shivaji statue collapse**
2. **Helicopter being airlifted by chopper seen falling mid-air, crashing in Kedarnath**
3. **Sanjay Roy angry over 'roti-sabzi' served in jail, demands egg chowmein: Reports**
4. **Kangana isn't educated, she has no place in Parliament: Robert Vadra**
5. **What makes Cyclone Asna, that's causing heavy rainfall in Gujarat, rare?**

# SpiceJet temporarily furloughs 150 cabin crew members amid financial crunch and weak travel season




**NEW DEIHI, (Agency).** SpiceJet, which has been grappling with financial losses over the last six years has announced it would temporarily furlough 150 cabin crew members for three months due to a less busy travel season, the Economic Times reported, adding that the airline had also been facing challenges in paying salaries, facing legal disputes with aircraft lessors, engine lessors, lenders, and even former promoter Kalanithi Maran.

What is a furlough?

A furlough is a temporary suspension, but not termination of employees due to financial issues faced by a company.

SpiceJet's furlough won't affect the employees' status, and they will get all health benefits as well as earned leave during the period.

What are the issues faced currently by SpiceJet?

SpiceJet, with an operational fleet of around 22 aircraft, was placed under surveilance by the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) earlier in the day, following a special audit conducted in August 2024.

This enhanced surveillance includes more frequent spot checks and night inspections.

This might not result in immediate operational issues for passengers, but it would be advisable for passengers to monitor their flight status closely, especially since the festive season is approaching.

# Alibaba wins Beijing's approval in end to years-long scrutiny

**NEW DEIHI, (Agency).** Alibaba Group Holding Ltd. has secured the endorsement of China's antitrust watchdog more than three years after a landmark probe into its online behavior, suggesting Beijing is keen to signal its support for the country's giant internet sector.

China's e-commerce leader has ceased the monopolistic practices that prompted an investigation




more than three years ago, the State Administration for Market Regulation said in a statement. It stopped forcing exclusive arrangements on merchants, improved services for shoppers and fostered competition among online platforms, the agency said. Alibaba's shares rose more than 4% in pre-market trading in New York.

The official endorsement coincides with growing calls of support from Beijing for private firms and the technology industry, a chorus that's grown louder as the country struggles to escape a post-Covid economic funk. Government officials have since 2023 signaled a softening in stance toward the private sector compared with 2020 and 2021, when a plethora of agencies launched regulatory crackdowns to curb the power of China's internet leaders and their billionaire founders.

# शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर लाखों की ठगी

## विजयनगर पुलिस ने एडवाइजरी कंपनी पर दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजयनगर पुलिस ने एडवाईजी कंपनी के मालिक पर केस दर्ज किया है। कंपनी ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर लाखों की ठगी की है। अभी एक फरियादी पुलिस के पास आया है। कुछ और लोगों के साथ में ठगी करने की बात भी सामने आ रही है। इससे ठगी की रकम भी बढने की संभावाना बताई जा रही है। एसीपी कृष्णलालचंदानी ने बताया कि मंजीत पिता जोगीराम शर्मा निवासी कैथल हरियाणा की शिकायत पर चंदन पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी से संपर्क हुआ। आरोपी ने बताया कि उसकी कंपनी से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया। आरोपी ने झांसा दिया कि बहुत अ'छा मुनाफा कमाकर उन्हें देगा। आरोपी से उनकी फोन पर बात भी हुई। उसकी बातों पर विश्वास कर डीमेट अकाउंट को मेरे ब्रोकर के माध्यम से कंपनी सा टवेयर से कनेक्ट कराया। उसने रूपए विभिन्न शेयरों में लगाने की बात कही। उसका किसी भी प्रकार का कोई फायदा नहीं मिला। उनके साथ में 51 हजार रूपए की धोखाधड़ी की है। जब आरोपी से रूपए वापस मांगे तो वह आनाकानी करता रहा। परेशान होकर पुलिस के पास में शिकायत लेकर पहुंचे। उनके अलावा कुछ और लोगों के साथ में ठगी की है। एसीपी कृष्णलालचंदानी ने बताया कि कंपनी से कुछ और लोगों के साथ में ठगी की जानाकरी मिली है। अभी मामला जांच में है।

# गांजा बेचने वाला छात्र पकड़ाया, गांजा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चैकिंग में पुलिस ने युवक को पकडा है। गांजा पीने का आदी है। नशे का खर्चा निकालने के लिए गांव से गांजा खरीदकर लाता और कालेज के दोस्तों को बेच देता था। खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव और थानेदार अजय कुशवाह स्टार चौराहे पर चैकिं कर रहे थे। इस दौरान उन्हें मोबाइक पर युवक जाते दिखा। उसे इशारा किया तो गाड़ी भगाने लगा। टीआई और थानेदार ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो सवा किलो गांजा जब्त हुआ। मुलजिम का नाम आकाश पिता वीरेंद्र सिंह दांगी(22) निवासी गंजबासौदा है। दांगी ने कबूल किया कि वो रैनसा कालेज से एमबीए कर रहा है। घर की माली हालत ठीक नहीं है। पिता किराने की दुकान चलाते हैं। इंदौर में उसे गांजा पीने की लत लग गई थी। लत को पूरा करन के लिए पैसों की जरूरत रहती थी। गंजबसौदा गांव बायपास पर युवक गांजा बेचता है। उसी से गांजा खरीदकर लाता। खुद भी पीता और खर्चा निकालने के लिए दोस्तों को बेचता था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक